# मैनुअल संख्या–12

## सहायिकी कार्यक्रमों के निष्पादन की रीति जिसमें आवंटित राशि और ऐसे कार्यक्रमों के फायदाग्राहियों (लाभार्थियों) के ब्यौरे सम्मिलित हैं।

# सहायिकी कार्यक्रमों के निष्पादन की रीति जिसमें आवंटित राशि और ऐसे कार्यक्रमों के फायदाग्राहियों (लाभार्थियों) के ब्यौरे सम्मिलित हैं

उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा अपनी कार्ययोजानाओं के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में पूर्ण की गयी योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण निम्निवत् है, जिसमें फायदाग्राहियों (लाभार्थियों) के ब्यौरे सम्मिलित हैं :–

| वर्ष 2022–23 | |
|---|---|
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन के अन्तर्गत हिन्दी दिवस का आयोजन एवं प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2022) के अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड में वर्ष 2022 के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में हिन्दी, उर्दू व पंजाबी विषय में तथा उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मुंशी/मौलवी (हाईस्कूल), आलिम (इंटरमीडिएट) में अरबी/फारसी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मान स्वरूप प्रमाण–पत्र, बैग एवं रू. 2100/– प्रति छात्र/छात्रा की दर से पुरस्कार राशि मा. भाषा मंत्री जी द्वारा प्रदान की गयी।<br>उत्तराखण्ड बोर्ड के हाईस्कूल में हिन्दी विषय के 30, उर्दू विषय 02 एवं पंजाबी विषय के 03 एवं इंटरमीडिएट में हिन्दी विषय के 47, उर्दू विषय के 03 एवं पंजाबी विषय के 05 तथा उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड में हाईस्कूल (मुंशी/मौलवी) अरबी विषय के क्रमशः 03–03 एवं इंटरमीडिएट (आलिम) फरसी विषय के के 03 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया।<br>हिन्दी दिवस के अवसर पर लेखन प्रतियोगिता जिसमें कविता लेखन (कक्षा 6 से 8 तक) एवं निबंध लेखन (कक्षा 9 से 12 तक) प्रतियोगिता हेतु प्रदेश के शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय सभी प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों से विज्ञापन प्रकाशित कर कविता लेखन (कक्षा 6 से 8 तक) प्रतियोगिता हेतु विषय – **''मैं नया कवि हूँ'' एवं ''हमारे गांव के आकाश में''** तथा निबंध लेखन (कक्षा 9 से 12 तक) प्रतियोगिता हेतु विषय – **''राष्ट्रीय एकीकरण में हिन्दी का योगदान''** एवं **''सुमित्रानन्दन पन्त का प्रकृति प्रेम''** में लेख आमंत्रित किये गये।<br>उक्त लेखन प्रतियोगिता हेतु प्रथम पुरस्कार – 5000/– , द्वितीय पुरस्कार – 4000/–, तृतीय पुरस्कार – 3000/–, सांत्वना पुरस्कार – 2000/– पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर सम्पूर्ण राज्य के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से प्रत्येक विषय पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार सहित कुल 18 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |